
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024

10 कलेक्टर ने जलभराव की स्थिति और निकासी की ...

09 राजस्व कार्यालय में भर्ती प्रक्रिया पर उठे ...




## खबर संक्षेप

### सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में पार न करें : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विगत कुछ दिनों से प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले में लगातार हो रही तेज बारिश को देखते हुए जिले के आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन–धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नालों एवं नीचले इलाकों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं।

### कोबा में छात्राओं को दी गई साइकिल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोबा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्य, पंच, गणमान्य नागरिक एवं पालकों के साथ बच्चे उपस्थित थे।

### डॉक्टरों के लिए किया गया कांफ्रेंस का आयोजन

**दुर्ग।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा आईएमए दुर्ग के डॉक्टरों के लिए कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएमआई से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ देवरत्त हिशिकर और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहिल गोस्वामी द्वारा उनकी विशेषता से जुड़ी चिकित्सा क्षेत्र में इलाज करने के नए तरीकों को संज्ञान में लिया। आईएमए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ राजू भैसारे एवं सेक्रेटरी डॉ संतोष नशीने का कार्यक्रम में योगदान रहा। आईएमए के डॉ अजय गोवर्धन, डॉ अहमद हमदनी, डॉ सुधीर शुक्ला, डॉ शरद पाटनकर, डॉ अजय दानी, डॉ सूर्या प्रताप सक्सेना एवं डॉ जेपी मेश्राम आदि उपस्थित थे।

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 15 सितम्बर तक

**दुर्ग।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा पद्म पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु नामांकन प्रस्ताव 15 सितम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। पुरस्कार के लिए नामांकित प्रस्ताव विभाग के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग को 30 सितम्बर तक आवेदन प्रेषित किये जाने के निर्देश है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री नामांकन प्रस्ताव संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छग रायपुर में 15 सितम्बर तक प्रेषित किये जाएंगे।

### नगपुरा के लोगों ने कलेक्टर जनदर्शन में मांगे शिक्षक

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत नगपुरा के सरपंच ने शिक्षक की मांग की। बच्चों के भविष्य को देखते हुए उन्होंने ग्राम नगपुरा में स्थित दो प्राथमिक शालों में शिक्षक के लिए आवेदन दिया, ताकि पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस पर अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे नगपुरा के किसानों ने बताया कि, नगपुरा में जालबांधा मुख्य मार्ग में बोरझरा नाला है, जिसे कुछ किसानों ने नाले को बंद कर दिया है। नाला बंद होने के कारण कृषि भूमि में पानी भर गया है, जिससे फसलों को नुकसान होने की संभावना है। नाले को खोलने से फसलों के होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम भरदा दुर्ग निवासी ने स्वयं की भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा बुआई किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि, निजी भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा अरहर की खेती की जा रही है।

## बारिश के कहर : जिले में पिछले चार दिनों से जारी बारिश के बीच हो रहीं दुर्घटनाएं

# नाले के तेज बहाव में फंसी कार, 6 युवकों ने मुश्किल से बचाई जान, 3 साल का बच्चा लापता

### सियादेवी मंदिर के पास नाले में बह गए दो मवेशी, एक सुरक्षित, दूसरा लापता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में पिछले चार दिनों से जारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। इसके कारण जहां कई रास्तों पर आवागमन प्रभावित होने की सूचना मिल रही है, वहीं कुछ लोगों के बह जाने या डूब जाने की खबरें भी आ रही हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया गया।

■ तेज बहाव के कारण रात में पुजारी सहित मंदिर में ही रुके रहे कुछ लोग

जिले का प्रसिद्ध दार्शनिक व पर्यटक स्थल माँ सियादेवी मंदिर में बारिश का कहर देखने को मिला। बीते सोमवार को भारी बारिश के कारण प्राकृतिक झरना उफान पर था और नाले में पानी का बहाव तेज होने के कारण लोगों का घर जाना मुश्किल हो गया था। हालांकि देर रात पानी का बहाव कम होने पर सुरक्षित घर पहुंच पाये। बीते सोमवार को 10 बजे के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ और देर रात तक झड़ी लगी रही। इसके कारण नदी नाले उफान पर थे। इस बीच सियादेवी मंदिर का नाला भी उफान पर था, जिसकी चपेट में आने से दो मवेशी पानी की तेज बहाव में बह गए और झरने से नीचे खाई में जा गिरे। सुबह तक एक गाय पत्थरों के बीच फंसी रही, जिसे सुबह ग्रामीणों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

वहीं, एक बछड़ा जो तेज में बह गया था। ग्रामीणों का कहना है कि बछड़े को नाले में उसे ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका पता नहीं चला। इस बीच दुकानदार और पुजारी भी नाले में तेज बहाव होने के कारण देर रात मंदिर में फंसे हुए थे, जो पानी का बहाव कम होने के बाद अन्य लोगों की सहायता से नाले को पार कर सुरक्षित घर पहुंचे। इस दरमियान बाढ़ में फंसी महिलाओं सहित अन्य लोगों में दहशत का माहौल था।



### युवकों के निकलते ही बह गई कार

ग्राम सांकरा (क) से बरही गांव के मध्य बने पुल में पानी के तेज बहाव में कार के बह जाने से अफरा तफरी मच गई। वहीं, कार में सवार 6 लोगों ने जैसे-तैसे कार से निकल कर नदी में तैर कर अपनी जान बचाई। वहीं, बाद में नाले में बहे कार को ग्रामीणों द्वारा पानी में ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन रात में अंधेरा होने के कारण कार का कुछ भी पता नहीं चल पाया। पूरी घटना बीते सोमवार रात की है, जब दुर्ग जिले के ग्राम धनोरा से बालोद जिले के ग्राम बरही में अपने जीजा के घर 6 दोस्तों की टोली आई टेन कार में सवार होकर घूमने पहुंची थी। युवक रात लगभग 8 बजे बरही से अपने घर वापस लौट रहें थे तभी कार हादसे ▸▸| शेष पेज 09 पर

■ ग्राम सांकरा (क) से बरही गांव के बीच मची अफरा-तफरी



### ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग

*ग्राम सांकरा (क) से नारागाँव के बीच दो नाले हैं, जो वर्षों से जर्जर हालात में है। जहाँ बरसात के दिनों में बाढ़ का असर देखने को मिलता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। यहाँ बड़े पुल बनाने की आवश्यकता है, लेकिन प्रशासन द्वारा सांकरा (क) व बरही के मध्य तथा ग्राम नारागाँव व कांडे के बीच पुल को बनाने कोई पहल नहीं की जा रही है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम बरही निवासी लोमश विश्वकर्मा, ग्राम नारागाँव निवासी हेमलाल साहू और ग्राम कांडे निवासी कीर्तन दास मानिकपुरी ने बताया कि दोनों जगहों पर पुल व सड़क निर्माण का कार्य किया जाए तो लोगों को बाढ़ जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और लोगों की जान भी सुरक्षित रहेगी।*

### नाले में बह गया 3 साल का मासूम, देर रात तक तलाशी, नहीं चला पता



**डौंडीलोहारा।** बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड मुख्यालय से लगे ग्राम भेड़ी में तीन वर्षीय बालक बह गया। जानकारी मिलने पर उसकी खोजबीन शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक देर रात टार्च की रोशनी में गोताखोरों की टीम बच्चे को तलाश करने में लगी रही। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भेड़ी निवासी 3 वर्षीय बालक नैतिक सिन्हा पिता वासुदेव सिन्हा गांव की ही आंगनबाड़ी क्रमांक एक में पढ़ने गया था, जो पास से गुजरने वाले नाली के पास खेलते पहुंच गया। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण से नाली में लगभग दो से तीन फीट पानी बह रहा था। इस बीच वह पानी देखते देखते उसमें गिर कर बहने लगा। आसपास खेल रहे अन्य बच्चों ने उसे देखकर बड़ों को सूचना दी। पुलिस व राजस्व प्रशासन को सूचना मिलने पर सर्चिंग अभियान भी शुरू किया गया। जिले से ▸▸| शेष पेज 09 पर



■ डौंडीलोहारा विकासखंड मुख्यालय से लगे ग्राम भेड़ी की घटना

### लोहारा नाला में मिलता है नाला

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार बारिश के कारण उक्त नाली में ग्राम से निकलने वाला व खेतों के ओवरफ्लो का पानी भी उसी नाले में बहता है। लगातार बारिश होने के कारण पानी की रफ्तार बहुत तेज थी। संभवतः कौतुहल वश बच्चा पानी की रफ्तार देखने नाली की ओर गया होगा और उसमें गिर पड़ा। उस नाले का पानी आगे जाकर लोहारा नाले में मिलता है, जो काफी आगे तक गया हुआ है। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि बच्चा आंगनबाड़ी से अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए निकला था व ग्राम के ही बहने वाले नाली में हादसा हो गया। आपदा प्रबंधन की टीम के सदस्य तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस दौरान राजस्व अमला एसडीएम तहसीलदार आदि घटनास्थल पर उपस्थित थे।

# मातृ शिशु अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव कराने वाले डॉक्टर की नियुक्ति की जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के सबसे बड़े मातृ शिशु अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव कराने वाले डॉक्टर की मांग को लेकर मितानिनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

■ मितानिनों ने कलेक्टर से की मांग, ज्ञापन सौंपा

दरअसल जिला मुख्यालय में स्थित तीन मंजिला मातृ शिशु अस्पताल है, जहां पहले सीजर (ऑपरेशन) से प्रसव होता था, लेकिन वर्तमान में ऑपरेशन से प्रसव नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में अस्पताल प्रबंधन गर्भवती महिलाओं को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इसके कारण प्रसव के लिए ऑपरेशन की स्थिति में गर्भवती महिला व गर्भ में रहने वाले बच्चे की जान की खतरा को देखते हुए निजी अस्पतालों में ले जाना पड़ रहा है। इससे दोनों की जान को खतरा बना रहता है। वहीं, निम्न व मध्यमवर्गीय परिवार के लोगों को काफी आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है।

मंगलवार को मितानिनों ने कलेक्टर से मुलाकात कर एक डॉक्टर जो सीजर से प्रसव करा सकें ऐसे डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की ताकि कोई भी गर्भवती महिला व उसके साथ परिवार वालों को और मितानिनों को इधर उधर भटकना न पड़े और देरी के कारण जच्चा-बच्चा को कोई नुकसान न हो।




# मोहलाई के ग्रामीणों ने की स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग, कलेक्टर को दिया आवेदन

### कहा- छोटे-छोटे कार्यों के लिए तय करनी पड़ती है 8 किमी की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जैसे-जैसे ग्राम पंचायतों के चुनाव नजदीक आता जा रहा है, ग्रामीणों द्वारा सरपंचों के कार्य से असंतुष्ट होकर और गांव में विकास कार्य नहीं होने के कारण आश्रित गांवों को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग लगातार सामने आ रही है।

23 जुलाई मंगलवार को अर्जुन्दा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोंगनी के आश्रित ग्राम मोहलाई के दर्जन भर से अधिक ग्रामीण पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। वहां ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए ग्राम मोहलाई को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मोहलाई की जनसंख्या 1300 से अधिक है, जो ग्राम कोंगनी की जनसंख्या से ज्यादा है, वहीं ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत में कुछ जरूरी काम कराने जाने 8 किलोमीटर का सफर तय कर और दो अलग अलग गांवों को पार करके ग्राम पंचायत जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तामान में ग्राम मोहलई, ग्राम पंचायत कोंगनी का आश्रित ग्राम है, जहां पर कुल ग्राम पंचायत में 16 वार्ड है, जिसमें 08 वार्ड कोंगनी पंचायत में है एवं 08 वार्ड आश्रित ग्राम मोहलई में है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि इससे पूर्व मोहलई को स्वतंत्र पंचायत बनाने दो बार और आवेदन दे चुके हैं, परन्तु इस संबंध में आज तक कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है।



### 1350 है मोहलई की जनसंख्या

ग्राम कोंगनी की जनसंख्या वर्तमान में लगभग 1150 है एवं आश्रित ग्राम मोहलई की जनसंख्या वर्तमान में 1350 के करीब है, इस प्रकार शासन के नियमानुसार मोहलई स्वतंत्र पंचायत बनाने का पात्रता रखता है जिसमें दोनों ग्रामवासियों को कोई भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। ग्राम मोहलई के निवासियों को ग्राम पंचायत या ग्रामसभा या राशन दुकान या अन्य कार्यों के लिए जाने पर कोंगनी की दूरी 8 किलोमीटर तय करनी पड़ती है। इसी तरह छोटे–छोटे पढ़ने वाले बच्चों को भी 8 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है। इसके कारण ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## राजधानी रायपुर स्थित एकेडमी में सीखेंगी हॉकी की बारीकियां

# अब राज्यस्तरीय आवासीय हॉकी एकेडमी में प्रशिक्षण लेंगी जिले की तीन बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राज्य स्तरीय आवासीय हॉकी एकेडमी में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

प्रतिमा ठाकुर पिता खूबलाल ठाकुर उम्र 14 वर्ष, नीलम पिता हेमलाल लोहले उम्र 14 वर्ष और गारिमा पिता भारत लाल यादव उम्र 13 वर्ष को यह अवसर मिला है। उल्लेखनीय है कि ज़िला हॉकी संघ एवं शबरी स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कन्नेवाड़ा हाई स्कूल मैदान में बच्चों को कोच तोरण सिन्हा द्वारा हॉकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां से बच्चों का रविशंकर विश्वविद्यालय स्थित राज्य आवासीय ट्रेनिंग अकादमी में चयन हुआ है। ये बच्चियां वहां रहकर हॉकी की बारीकियाँ सीखेंगीं और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी का प्रतिनिधित्व करेंगी।

चयन के बाद खिलाड़ियों के जिला कलेक्टोरेट पहुंचने पर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने उनका स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने जिले में हॉकी के विस्तार के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, ताकि अच्छे खिलाड़ी इस जिले का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान संघ के सचिव एवं कोच तोरण सिन्हा, युवा व्यवसायी व समाजसेवी दिनेश तापड़िया, दीपक तारम, हॉकी संघ के सदस्य राम कुमार सिन्हा, दुनेश साव एवं खिलाड़ियों के पालक भारत लाल यादव, हेमलाल लोहले, खूब लाल ठाकुर उपस्थित थे।




### बारिश के साथ ही जिले में उल्टी-दस्त के बढ़े मरीज

**दुर्ग।** डायरिया के मरीजों की संख्या जिले में लगातार बढती जा रही है। अब तक धमधा, अहिवारा और मेडेसरा के अस्पताल में ढाई सौ से अधिक डायरिया के पीडित सामने आए है। यहां ग्रामीण सहित शहरीय इलाको में भी दो सौ से अधिक मरीज डायरिया से पीडित है। हांलाकि इलाज के बाद मरीजों को छुट्टी दी जा रही है। लेकिन आधा दर्जन से अधिक मरीजों को रिफर भी किया गया है। मिली जानकारी अनुसार धमधा, अहिवारा और मेडिसरा शहरीय इलाको में अब तक 213 मरीज उल्टी दस्त के चलते पिछले पांच दिनों में ओपीडी में जांच कराने पहुंचे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# बिजली की खपत पर राहत की बारिश, डिमांड घटकर 47 सौ मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में जो गर्मी आ गई थी, उस पर सावन आते ही बारिश होने से पानी फिर गया है। जो खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही थी, वह घटकर अब 47 सौ मेगावाट हो गई है।

जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 19 सौ मेगावाट के आस-पास उत्पादन हो रहा है। 210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण अब तक बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 25 से 27 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। मानसून के मौसम में दो दिन पहले तक ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर दिख रहा था।

## 11 सौ मेगावाट तक खपत कम होने से अब सेंट्रल सेक्टर से ले रहे 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन इस समय संयंत्रों में उत्पादन महज 19 सौ मेगावाट हो रहा है। एक तो 210 मेगावाट के दो यूनिट बंद हैं। इसी के साथ अन्य संयंत्रों में क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज अलग-अलग समय में जरूरत के हिसाब से 25 से 27 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही है। कुछ दिनों पहले 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली ले रहे थे।



ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ गया था। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे थे। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई थी। बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है, लेकिन इस समय सावन के आते बारिश होने के कारण फिलहाल खपत कम हो गई है। अब पीकआवर में खपत 47 सौ मेगावाट और सामान्य समय में खपत 42 से 45 सौ मेगावाट तक जा रही है।

## खबर संक्षेप



### शास्त्री बाजार में झोला बैग एटीएम का महापौर ने किया शुभारंभ

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से सोमवार को झोला बैग एटीएम मशीन का महापौर एजाज ढेबर ने शुभारंभ किया। श्री ढेबर ने 10 रुपये का सिक्का मशीन में डालकर महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों के माध्यम से निर्मित कपड़े का बैग प्राप्त किया। दरअसल, दैनिक जीवन में पॉलीथिन का उपयोग बंद कर कपड़ा बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने नगर निगम ने अभियान चलाया है।

### सरकारी कर्मी फिर हड़ताल की तैयारी में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक बार फिर कर्मचारियों अधिकारियों की मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत जिन मांगों को लेकर लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि राज्य शासन द्वारा अभी तक इन मुद्दों के निराकरण के लिए ठोस पहल नहीं की गई है। यह शासकीय सेवक हित में नहीं है। इसके कारण प्रदेश के शासकीय सेवकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया गया है।

### सहायक ग्रेड सहित नर्सिंग परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक ग्रेड-3 भर्ती परीक्षा के साथ ही नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा सहायक ग्रेड-3 के साथ ही पोस्ट बेसिक नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर लिंक भी भेजा गया है। इसमें क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर ने आरटीई को प्रभावी बनाने ली बैठक



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभा कक्ष में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पिछले 5 वर्षों में ड्रॉपआउट हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से अध्ययनरत विद्यार्थियों के मन में निजी विद्यालयों के प्रति संतोषप्रद के संबंध में जानकारी ली।

## अमन साव 15 दिन में दूसरी बार गिरडीह से चाईबासा जेल शिफ्ट

# प्रोटेक्शन वारंट से बचने अमन साव जेलर की पत्नी पर हमला कराकर दूसरी जेल में हुआ शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शूट आउट कांड में शामिल नेक्सेस को तोड़ने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बावजूद इसके बदमाश पुलिस के साथ लुका छिपी का खेल, खेल रहे हैं। झारखंड जेल में बंद अमन साव से पूछताछ करने पुलिस उसे रायपुर लाने दो बार प्रोटेक्शन वारंट हासिल करने के बाद भी रायपुर नहीं ला पाई है। इसकी वजह बदमाश को जिस दिन रायपुर लाना रहता है, उसके एक दिन पूर्व अमन जेल में कोई आपराधिक घटना को अंजाम दे देता है, जिसकी वजह से उसे दूसरी जेल में शिफ्ट करना पड़ता है। अमन को रायपुर लाने पुलिस को नए सिरे से प्रोटेक्शन वारंट हासिल करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 13 जुलाई को रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी पीआरए ग्रुप के दफ्तर के बाहर खड़ी कार में बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने घटना से जुड़े अब तक छह बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसमें घटना का मास्टर माइंड अमनदीप बाल्मीकि भी शामिल है। शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीम छापे की कार्रवाई कर रही है।

### आधा दर्जन टीम कई शहरों में कर रही छापे की कार्रवाई

पुलिस को आशंका है कि शूट आउट की घटना को अंजाम देने एक दर्जन से ज्यादा बदमाश शामिल हैं, जिनमें पंजाब, हरियाणा, झारखंड के बदमाश शामिल हैं। इसलिए पुलिस की कई टीमें बदमाशों की धरपकड़ के लिए झारखंड के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में छापे की कार्रवाई कर रही है।

## अमन को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने जेल डीजी को पत्र लिखने की तैयारी

### अमन ने जेलर की पत्नी पर करवाया हमला

झारखंड जेल में बंद अमन साव को अपने प्रोटेक्शन वारंट में ले जाने की जानकारी पहले ही मिल जा रही है। इसी के चलते अमन ने प्रोटेक्शन वारंट से बचने रांची जेल में जेलर पर हमला किया। इसके बाद उसे गिरडीह जेल शिफ्ट किया गया। गिरडीह जेल से अमन को सोमवार को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाना था। इसकी भी जानकारी अमन को जेल में मिल गई। इसके बाद उसने जेलर की पत्नी पर हमला करा दिया, जिसके कारण अमन को रातों रात गिरडीह से चाईबासा जेल शिप्ट किया गया। इस तरह से अमन साव तीसरी दफा रायपुर पुलिस से बच निकला। इसीलिए पुलिस अमन को रायपुर लाने झारखंड के जेल डीजी को पत्र लिखने की बात कह रही है।


गैंगस्टर अमर ने हरियाणा के गिरोह को सौंपा था शूटआउट का जिम्मा, छह धरे गए, शूटर अभी गायब

*पूर्व में छोटे-मोटे कंस्ट्रक्शन कारोबारियों से लेवी*

*पुलिस के अनुसार अमन साव का गैंग झारखंड में पूर्व में छोटे-मोटे सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को धमकाकर वसूली करने का काम करता था। इसके बाद वह अपने गुर्गों की मदद से बड़े कंस्ट्रक्शन ग्रुप तथा कोल कारोबार से जुड़े कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने का काम करने लगा। इसी कड़ी में अमन साव का गैंग पिछले तीन साल में रायपुर तथा कोरबा के चार कारोबारी समूह से लेवी वसूली करने तीन बार फायरिंग की घटना को अंजाम देने के साथ एक बार शूट आउट करने के पूर्व पकड़ा गया।*

***60 करोड़ में हुई थी डील :*** *आरोपियों से पुलिस पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक अमन साव ने कारोबारी से ग्रुप से 60 करोड़ रुपए मांगे थे। साथ ही अमनदीप को रायपुर में शूट आउट की घटना को अंजाम देने के लिए सात लाख रुपए में सुपारी दी थी, जिसमें से एक लाख रुपए शाहिद ने शूटर के अकाउंट में ट्रांसफर कराया था। शेष रकम किनको कितनी मिलनी थी, पुलिस इस बात की जांच कर रही है।*

### शूटर हासिल करने हरियाणा के बदमाश को जोड़ा

पुलिस के अनुसार झारखंड में कुछ कोल कारोबारियों से लेवी वसूली में सफलता पाने के बाद अमन को अपने गैंग को बढ़ाने तथा लेवी देने से इनकार करने वाले कारोबारी समूह में खौफ पैदा करने के लिए शूटरों की जरूरत थी। इसके लिए उसने हरियाणा के बदमाश अमनदीप तथा कथित तौर पर मलेशिया में बैठे छद्म नाम के बदमाश मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा और राजस्थान के बदमाश पप्पू सिंह को अपने गैंग में शामिल किया। पुलिस के अनुसार हरियाणा, पंजाब तथा राजस्थान में आसानी से शूटर मिल जाते हैं, इसलिए अमन ने इन राज्यों के बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया।

## ऑनलाइन मोड में पढ़ाई

# कल दो दर्जन स्कूल बंद रखने की तैयारी, 15 हजार छात्र होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस का विधानसभा घेराव कल, बैरिकेडिंग सहित कई बंदोबस्त आज से ही
- विधानसभा रूट पर एक दर्जन बड़े और लगभग एक दर्जन मंझोले स्कूल

जिले के दो दर्जन स्कूल कल बंद रह सकते हैं। ये वे स्कूल हैं, जो विधानसभा मार्ग पर स्थित हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को किए जा रहे विधानसभा घेराव को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा मंगलवार को बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेकर पालकों को इस संदर्भ में सूचित किया जाएगा। विधानसभा मार्ग पर लगभग दो दर्जन निजी स्कूल हैं। इनमें से एक दर्जन बड़े निजी स्कूल हैं तथा शेष एक दर्जन मंझोले स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 15 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

इन स्कूलों में आरके शादडा, ब्राइटन, डीपीएस, ज्ञान गंगा, प्ले होम हाइट्स, आरंभ जैसे अधिक छात्र संख्या वाले स्कूल भी छात्र हैं। इन स्कूलों की बसें उसी मार्ग से होकर गुजरती हैं, जहां कांग्रेसियों को विधानसभा घेराव से रोकने बैरिकेट्स लगाए जाएंगे। इससे बचने के लिए स्कूलों को शंकर नगर मार्ग से बसें लानी- ले जानी होगी। यह रूट अत्यधिक लंबा पड़ेगा। छुट्टी के बाद छात्रों को घर पहुंचने में भी विलंब होगा। इसके अलावा अन्य किसी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय अधिकतर प्रबंधन द्वारा लिया गया है।

### स्कूल छूटने तक इंतजार का आग्रह

मंगलवार को ही बैरिकेट्स लगा दिए जाएंगे। हमने प्रशासन से मांग की है कि मंगलवार को स्कूल छूटने के बाद घेराबंदी की जाए, ताकि बच्चे तय वक्त पर घर पहुंच सकें।

**- राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

### निर्धारित वक्त में कोर्स करना है पूर्ण

स्कूलों में बुधवार को ऑनलाइन मोड में पढ़ाई कराई जाएगी। विधानसभा मार्ग में स्थित अधिकतर स्कूल सीबीएसई संबद्ध हैं। बोर्ड द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार टेस्ट, प्रायोगिक परीक्षाओं सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ण करनी होती है। समय पर कोर्स पूरा करने के लिए स्कूलों द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। शाला प्रबंधन का कहना है कि गर्मी के कारण अप्रैम में कक्षाएं पहले ही बंद कर दी गई थीं। इसके अलावा जुलाई में भी निर्धारित तिथि से बाद में शाला प्रारंभ हुए। इसके कारण पहले ही छात्रों की पढ़ाई का नुकसान हो चुका है।

# डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने विधानसभा घेरने निकाली रैली, पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकाली। इस दौरान पुलिस बल ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदर्शनकारियों को 200 मीटर आगे बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया।

अभ्यर्थी प्रदेशभर में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की मांग को लेकर घंटों नारेबाजी करते रहे। धरना स्थल पर प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान धरना स्थल पर खासी रौनक देखने को मिली। वहीं 18 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार से 2 दिवसीय धरना प्रदर्शन का आगाज किया।

### 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त भर्ती नहीं, अभ्यर्थी बिफरे

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना व विधानसभा का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि प्रदेश के स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त होने के बाद भी प्रदेश सरकार ने अब तक शिक्षकों की भर्ती को लेकर कोई पहल नहीं की, जबकि प्रदेशभर में डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी इसके लिए एक अरसे से इंतजार कर रहे हैं। उनका ये कहना था कि प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है, नई शिक्षा नीति 2020 को साय सरकार ने लागू करने का एलान किया है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि प्रदेश के स्कूलों में अभी भी 60000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त है। जिसकी जानकारी विधानसभा के मुख्य बजट के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देते हुए शिक्षकों के 33 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा



विधानसभा के माध्यम से की थी।,पर विधानसभा के मुख्य सत्र के दौरान की गई घोषणा पर आज तक प्रदेश सरकार ने कोई भी पहल नही की है। न उन पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के 78,000 से ज्यादा पद रिक्त है किंतु विधानसभा मे केवल 57,000 का आंकड़ा प्रस्तुत किया है। प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां केवल एक शिक्षक है। 700 से ज्यादा ऐसे स्कूल है जहां शिक्षक ही नही है। हमारी मांग है कि 33 हजार शिक्षकों के पदों पर भर्ती तत्काल प्रारम्भ हो। शिक्षक व व्याख्याता के पदों में वृद्धि हो, व्यायाम शिक्षक व लाइब्रेरियन के पदों को वृद्धि कर उन पदों में भर्ती हो, नई शिक्षा नीति अंतर्गत छत्तीसगढ़ी भाषा शिक्षा के लिए इन विषयो में पद सृजित कर पीजी डिप्लोमा धारी की नियुक्ति स्कूलों में कई जाए।



***संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया धरना, घंटों की नारेबाजी :*** *तूता के धरना स्थल पर नियमितीकरण, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति दूर करने सहित 18 सूत्रीय मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदेश भर से राजधानी में जुटे हैं।*

# गूगल रिव्यू, शेयर ट्रेडिंग के जालसाज छत्तीसगढ़ के अकाउंट के साथ ही सिम का कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निम्न आय वर्ग के लोगों को पैसों का लालच देकर बैंक में अकाउंट खुलवा रहे

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज कार्पोरेट ग्रुप की तरह गैंग बनाकर लोगों के साथ ठगी की घटना कर रहे हैं। पुलिस ने जालसाजों को फर्जी सिम बेचने के आरोप में दुर्ग के जिस युवक को गिरफ्तार किया है, उससे पूछताछ में पुलिस को इसकी जानकारी मिली है।

साइबर पुलिस के मुताबिक जालसाजों के पास छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से सिम पहुंचने की जानकारी मिली है, जिनमें से 66 सिम जालसाजों के पास पहुंचे जाने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा ढाई सौ सिम की पुलिस जांच कर रही है। इसी तरह से जालसाज छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के निम्न आय वर्ग के लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाकर उनके अकाउंट को ठगी की रकम जमा करवाने के साथ आहरण करने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ज्यादातर बैंक अकाउंट सरकारी बैंकों के

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह ठगी करने जिन बैंक अकाउंट का उपयोग कर रहे हैं, उसके लिए जालसाज सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवा रहे हैं। सरकारी बैंकों में अकाउंट खुलवाने की वजह लोगों को जालसाजी की भनक नहीं लगे, इस वजह से जालसाज सरकारी बैंक अकाउंट ठगी के लिए उपयोग कर रहे हैं।


वाट्स एप ग्रुप बनाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी देने के बहाने लूट रहे जालसाज

### शेयर फ्रॉड आर्गेनाइज्ड क्राइम

पुराने कानून में संगठित अपराध के लिए अलग से कोई धारा नहीं होने के साथ सजा का प्रावधान नहीं था। नए बीएनएस कानून में साइबर फ्रॉड को संगठित अपराध की श्रेणी में रखते हुए सख्त सजा का प्रावधान है। ऐसे में ठगी के आरोप में पकड़े जाने वालों के साथ ही जालसाजों को खाता, सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले तथा खाताधारक भी आरोपी बनेंगे।

### रायपुर में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छह माह के भीतर शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू करने के नाम पर एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार जालसाज शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रायपुर जिले में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। ठगी का शिकार होने वालों में ज्यादातर कारोबारी के साथ ही नौकरी पेशा वर्ग के लोग शामिल हैं।

### कई नेटवर्क से होकर पहुंच रहा अकाउंट के साथ सिम

शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू के नाम पर ठगी करने वालों के पास बैंक अकाउंट, सिम कार्ड कई नेटवर्क से होते हुए पहुंचता है। पुलिस के अनुसार जालसाजों को सिम तथा बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाली एक अलग टीम रहता है, जिसका काम घूम-घूमकर बैंक अकाउंट तथा सिम कलेक्ट करना रहता है।

### अकाउंट खुलवाने पांच से दस हजार का लालच

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गरीब तबके के लोगों को पांच से दस हजार रुपए देने का लालच देकर उनके नाम से बैंक में अकाउंट खोलवा रहे हैं। अकाउंट खुलवाने के बाद खाताधारक के बैंक पासबुक, एटीएम तथा चेकबुक अपने पास रख जालसाजों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

### ठगी कहीं और से, आहरण किसी दूसरी जगह से

पुलिस के अनुसार जालसाजी करने वाले जालसाज ठगी करने की घटना को अंजाम देने के बाद अलग-अलग लोगों के नाम से खरीदे गए अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराने का काम करते हैं। इसके बाद अकाउंट में ट्रांसफर रकम को तत्काल बाद किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद कई चैनलों से रुपए आहरण कर ठगी करते हैं। इसके चलते जालसाजों के पकड़े जाने के बाद भी रुपए रिकवर नहीं हो पाता।

## अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. मिश्रा की शिव महापुराण कथा 25 से

# शिव महापुराण कथा के लिए ट्रैफिक पुलिस का पार्किंग रुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छह दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन जयंती स्टेडियम भिलाई में आयोजित किया गया है। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) द्वारा कथा सुनाया जाएगा। इसके के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए पार्किंग रुट तैयार किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि शिव महापुराण कथा के दौरान लाखो की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए मार्ग,पार्किंग, डायवर्सन प्लान तैयार किया गया है। जिसमें रायपुर, चरोदा, भिलाई तीन की ओर से आने वाले वाहन चालक टाटीबंध. कुम्हारी,पावर हाउस चौक, पावर हाउस अण्डर ब्रिज, मूर्गा चौक,बेरोजगार तिराहा , सेक्टर 6 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग), कथा स्थल





(पैदल ), बेमेतरा, धमधा दुर्ग की ओर से धमधा, धमधा नाका ओवर ब्रिज, ग्रीन चौक, राजेन्द्र पार्क, वाय शेप ब्रिज, सेक्टर 9 चौक, ग्लोब चौक सेक्टर 6 पुलिस ग्राउण्ड (पार्किंग), कथा स्थल (पैदल), राजनांदगांव, बालोद वाले राजनांदगाव बालोद, पुलगांव चौक, जेल तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग, हेलीपेड ग्राउण्ड फुटबाल ग्राउण्ड (पार्किंग ), कथा स्थल (पैदल ), धमतरी, पाटन उतई, उतई तिराहा ,डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग, हेलीपेड ग्राउण्ड/फुटबाल ग्राउण्ड (पार्किंग ), कथा स्थल (पैदल ), व्हीआईपी पास वाले वाहन अपने वाहन बेरोजगार तिराहा से प्रवेश कर वाहन शहीद पार्क के सामने पार्किंग करेगें। उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक तक प्रतिबंधित होगा। जयंती स्टेडियम कटिंग फारेस्ट एवेन्यू मार्ग से कार्यक्रम स्थल जयंती स्टेडियम तक पैदल आना जाना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार का भारी वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप, उधर स्कूल ने कहा- गलती छिपाने झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली हाट्र्स स्कूल में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने स्कूल के एक शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं शाला प्रबंधन का कहना है कि उस छात्र द्वारा अपने शिक्षक को अपशब्द कहे गए थे। इसके बाद छात्र ने गलती स्वीकारते हुए लिखित माफी भी मांग ली। अब छात्र द्वारा पिटाई करने संबंधित झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। घंटेभर से अधिक समय तक शाला परिसर में नारेबाजी चलती रही। छात्रसंगठन के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए। हल्की झूमाझटकी की भी स्थिति इस दौरान निर्मित हुई। एबीवीपी का कहना है कि इस घटना से स्कूल में छात्रों की सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता पैदा हो गई है। छात्र संगठन ने इस घटना में शामिल शिक्षक के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के



प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, 10वीं कक्षा के 15 वर्षीय विद्यार्थी को मारना निंदनीय है। बालक की मां ने बताया कि उनका बच्चा आत्महत्या करना चाह रहा था और घर में लगातार रो रहा था। स्कूल प्रशासन अगर कढ़ी कार्यवाही नहीं करती है, तो हम कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने सहित लगभग 50 कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल रहे।

***हमसे संपर्क नहीं :*** *पालक ने हमसे संपर्क नहीं किया। सीधे छात्र संगठन से बात की, जबकि इस तरह की कोई घटना कैंपस में घटित ही नहीं हुई है। **- आशुतोष सिंह,** प्रबंधक, होली हाट्र्स स्कूल*

## खबर संक्षेप

### पायलेट आज आएंगे

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में हिस्सा लेने 24 जुलाई को रायपुर आएंगे। हालांकि उनका कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। वहीं प्रदेश के प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, विजय जांगिड़ 23 जुलाई को ही सुबह रायपुर पहुंच रहे हैं। वे यहां पर राजीव भवन में विधानसभा घेराव की तैयारियों के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और प्रभारियों से चर्चा करेंगे। दोनों नेता मंडीगेट के पास से होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम दिल्ली लौट जाएंगे।

### मंडी बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष बने पोर्ते

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ के चुनाव में डॉ. मालिकराम पोर्ते को प्रातांध्यक्ष और नंदकिशोर सोनी को प्रांतीय सचिव चुना गया। बोर्ड कर्मचारी संघ के चुनाव में प्रातांध्यक्ष के लिए चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान पर थे। इसमें मालिक राम पोर्ते को सबसे अधिक मत मिले। वहीं सचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान पर थे, उनमें नंद किशोर सोनी ने जीत दर्ज की है।

### 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण होंगे

**रायपुर।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री राम विचार की पहल पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 121 आश्रम-छात्रावास भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश के विभिन जिलों में 211 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आश्रम-छात्रावास भवनों का निर्माण होगा। इससे प्रदेश के हजारों बच्चों को शिक्षा सह-आवासीय सुविधा सुलभ होगी।

## पेज 7 के शेष

### युवकों के निकलते ...

का शिकार हो गया हालांकि कार में सवार सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित है। मिली जानकारी के अनुसार कार में विजय, माधव, दुर्गेद्र, केवल अमर और गुड्डा सवार होकर वापस लौटते वक्त मस्ती में थे। वे नाले में पानी के तेज बहाव में कार को ले गए, जब कार नाले के थोड़ा अंदर गया, तब पानी के तेज बहाव से अनियंत्रित होने लगा। स्थिति को भांपकर सभी युवक तुरंत कार के दरवाजे को खोल बाहर निकल आए। लेकिन, अंतिम समय तक ड्राइवर द्वारा गाड़ी संभल नहीं पाया तब ड्राइवर ने भी गाड़ी को नाले के बीच पानी में छोड़ तैरकर अपनी जान बचाई। उसके बाद कार पानी के तेज बहाव में बह गई। उसे देर रात तक ग्रामीणों की सहायता से टॉर्च के माध्यम से ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण कामयाबी नहीं मिली। सुबह कार को फिर ढूंढ़ने का प्रयास किया गया, तब कार का एक हिस्सा नाले से लगभग 200 मीटर दूर पानी में दिखाई दिया, जिसे ग्रामीणों के माध्यम से बाहर निकाला गया। बता दें कि पिछले वर्ष इसी नाले में एक छात्र की मौत तेज बहाव में बह जाने से हुई थी।

### नाले में बह गया ...

आपदा प्रबंधन की टीम भी पहुंची व बहने वाले नाली को काफी दूर तक तलाशी अभियान चलाया गया। परन्तु देर शाम तक बच्चे का पता नहीं चल पाया था। रात्रि में अंधेरा होने के बाद भी गोताखोर टार्च की रोशनी में बच्चे को तलाशते रहे।

# राजस्व कार्यालय में भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल, युवाओं ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के राजस्व कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों में हुई भर्ती प्रक्रिया में जिले के बेरोजगार युवाओं ने आपत्ति जताई है।

युवाओं ने पांचवी अंकसूची में फर्जी तरीके से प्रतिशत बढाकर बालोद जिले के स्थानीय बेरोजगार युवाओं की भर्ती लेने के बजाए दूसरे जिले बलौदाबाजार और जांजगीर चांपा जिले के लोगों की भर्ती करने का भी आरोप बेरोजगार युवाओं ने लगाया है। मंगलवार को दर्जन भर से अधिक युवाओं ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। युवाओं ने बताया कि वर्तमान में जिला कार्यालय राजस्व विभाग में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त भर्ती प्रक्रिया पर हम नियमित अध्ययनरत बालोद जिला के निवासी अभ्यर्थियों को आपत्ति है।

**गिने-चुने जिलों में ज्यादा प्रतिशत आने पर उठाए सवाल:** शिकायत करने पहुंचे बेरोजगार युवाओं का कहना है कि बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा जिलों के ही अभ्यर्थियों का इतना प्रतिशत कहां से आता है। बाकी जिलों के अभ्यर्थियों का इतना प्रतिशत क्यों नहीं आता है। क्या बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा के जिलें में ही योग्य व होशियार अभ्यर्थी हैं और बालोद जिले में नहीं है।

## कलेक्टर से की शिकायत, कहा- दूसरे जिले के लोगों को मिल रही प्राथमिकता



### 99 प्रतिशत तक अंक

चतुर्थ श्रेणी पद की भर्ती में कक्षा पांचवी की अंकसूची के आधार पर भर्ती की जानी है, लेकिन हम नियमित रूप से पढ़े-लिखे अभ्यर्थियों का नाम सीधी भर्ती पद पर नहीं आ पाता क्योंकि सिर्फ बलौदाबाजार तथा जांजगीर चांपा के अभ्यर्थी, जिनके द्वारा समतुल्यता माध्यम परीक्षा के द्वारा पांचवी के अंकसूची का फर्जी अंकसूची 99 प्रतिशत बनवाकर विभिन्न जिलों के सीधी भर्तियों में लाभ लिया जा रहा है। इससे हम जैसे अभ्यर्थियों को कहीं भी उनके रहते सीधी भर्ती का लाभ नहीं मिल पाता और हम नियमित रूप से पढ़-लिख कर आज भी बेरोजगार हैं। युवाओं ने कहा कि हमें चपरासी की नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। युवाओं ने आगे कहा कि पूर्व में भी वर्ष 2014 में बलौदाबाजार तथा जांजगीर चांपा के अभ्यर्थियों का नाम आने से जो समतुल्यता माध्यम परीक्षा के द्वारा पांचवी के अंकसूची का फर्जी अंकसूची बनवाकर आए थे, उन्हीं लोगों को पात्र मानकर जिला कार्यालय में भर्ती लिया गया था। वर्तमान में भी यही हो रहा है।

## आयोजन : बच्चों को बताया गया गुरु का महत्व, सम्मान करने दी गई सीख

# सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा पटेल थीं, अध्यक्षता होम लाल पटेल प्रधानाचार्य ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ आचार्य घनश्याम दास बघेल, नंद किशोर कोठारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे होम लाल पटेल प्रधानाचार्य ने गुरु की महिमा बताई।

मुख्य अतिथि ने भैया-बहनों से कहा कि जीवन में जिससे भी आपको कोई सीख मिले, उन्हें भी गुरु मानकर उनका सम्मान करें, तभी जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष अतिथि आचार्य घनश्याम दास बघेल ने समस्त भैया-बहनों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया।उसके बाद भैया बहनों ने गीत, भजन, भाषण की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डेविड साहू और नंदकिशोर कोठारी ने किया। कार्यक्रम में समस्त भैया-बहनों, रेखा सहारे, लक्ष्मी पटेल, समस्त दीदी, आचार्य एवं अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### मड़ियाकट्टा स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**डौण्डीलोहारा।** आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारस्परिक गुरु शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु शिष्य की परंपरा को बनाए रखने को कहा। इस अवसर पर बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड, निबंध लेखन, गीत, कविता, नारा, स्लोगन लेखन वाचन कर प्रस्तुत किया। इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, नारद राम भुआर्य, सुनील कुमार अलेन्द्र, भूमिका मोवाड़े, साधना सिन्हा एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।



### सशिमं जामगांव आर में मना गुरूपूर्णिमा उत्सव

**जामगांव आर।** गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन डा हेडगेवार सदन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में किया गया। अमिट गुरु भगवा ध्वज का प्रणाम अर्पित किए। इस अवसर पर विधार्थियो ने गीत कविता के माध्यम से गुरु को समर्पित भाव प्रगट किए। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि गुरु शिष्य को ज्ञान संस्कार देकर जीवन की ऊंचाईयां देते है। शिष्य गुरु की बातो को बड़े ध्यान पूर्वक सुने समझे अंगीकार करे। इस अवसर व्यवस्था प्राचार्य धनेश्वरी साहू, वैकल्पिक प्रधानाचार्य सुनीता साहू, हथेश्वर साहू, कृतिका, परमेश्वरी, निहारिका, चंद्रिका, प्रीति, हिना उपस्थित थे। कक्षा षष्ठ की बहन तानिया ने भाव इस तरह प्रगट किए।

### खुरसुल स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों का किया सम्मान

**अर्जुन्दा/निकुम।** शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुल में कक्षा पहली से आठवीं तक बच्चों ने गुरु पूर्णिमा मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। उसके बाद बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं, माता-पिता को गुरु के रूप में तिलक लगाकर पूजा कर सभी के पैर छुए एवं पुष्प गुच्छ तथा ग्रीटिंग प्रदान कर सम्मान किया। प्रधान पाठकों, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं पालकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के संदर्भ में विस्तार पूर्वक




समझाया गया। टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुल श्रद्धा वासनिक के द्वारा न्योता भोज मे खीर, पूड़ मध्यान भोजन में वितरण करवाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला खुरसुल प्रधान पाठक कमल नारायण टंडन, प्राथमिक शाला खुरसुल प्रधान पाठक टेक राम नायक, शिक्षक देवेंद्र निषाद, मनोज चंद्राकर, होलेंद्र ठाकुर, कमल किशोर वैष्णव, कल्याण देवांगन पालक जानकी साहू, तेज प्रकाश साहू, शिक्षिका श्रद्धा वासनिक उपस्थित थे।

## घीना में मनाया गया गुरू पूर्णिमा महोत्सव



**बालोद।** ग्राम घीना में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में माँ सरस्वती के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। सरस्वती वंदना का सामुहिक स्वर में प्रस्तुति दी गई। साथ ही विद्यालय प्राचार्य द्वारा पूजन वंदन किया गया। गुरु महिमा के संबंध में स्टाफ द्वारा विचार रखे गये। गुरुकुल परंपरा और भारतीय शिक्षा का अच्छा विचार तारेंद्र ने रखा। गुरु महिमा का विचार देते हुए, विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि सारी धरती कागज बनाकर, जंगलों के पेड़ को कलम बनाकर तथा पूरे सागर को स्याही बनाकर भी यदि गुरु की महिमा लिखी जाए तो भी कम है।

## चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाए गए पौधे




**अंडा।** ग्राम चंदखुरी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1,2,3,4,5,6 में कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के सहयोग से पौधारोपण किया। इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख, उपसरपंच खेमलाल चंद्राकर, जनपद सदस्य दीपिका चंद्राकार, मनोज चंद्राकर , आँगनबाडी कार्यकर्ता रेखा,लता, चम्पा,गजेश्वरी,सुनिता, हिमानी एवं महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाएं प्रतिमा, दुलारी, सरिता, सती, क्षमा, कुन्ती, टाकेश्वरी महिलाओं के नाम से कटहल एवं लक्ष्मी तरू का पौधा लगाया महिलाओं को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई और महतारी वंदन के पैसे के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## कलेक्टर से की जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद निवासी रामकुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टर जन चौपाल में आवेदन देकर अपने ही गांव के किशोर कुमार साहू पिता हीरालाल पर उनके खेत की घेराबंदी को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही मना करने पर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत की है।

रामकुमार ने बताया कि किशोर पंचायत में कंप्यूटर डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत है। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब उसकी माँ सरपंच थी, तब अपने बेटे किशोर साहू को आपरेटर के पद पर लगवा दिया था। वह एक दिन भी पंचायत में नहीं आता और बिना काम किए वेतन ले रहा है। शिकायत में कहा है कि 22 जुलाई



को किशोर साहू एवं डोमेश्वर साहू ने मेरे खेत में की गई घेरा बंदी को अपने ट्रैक्टर से तोड़ दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने कहा कि डोमेश्वर साहू पर जान से मारने के संबंध में सिविल कोर्ट गुंडरदेही में केस चल रहा था। उस केस को खारिज हुए मात्र 6 माह हुए हैं और उनके हौसले आज भी बुलंद हैं। उन्होंने कलेक्टर से शिकायत की जांच कर किशोर साहू व डोमेश्वर साहू पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## जब हम संपत्ति को ज्यादा महत्व देते हैं तो पारिवारिक संबंध टूटने लगते हैं

**बालोद।** महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने जीवन में परिवार का महत्व बताया। उन्होंने इस विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन मूल्यवान है किंतु उससे

- महावीर भवन में संत ऋषभ सागर जी महाराज ने बताया परिवार का महत्व

भी ज्यादा मूल्य उस परिवार का है, जहां आप सुख शांति और सुरक्षा प्राप्त करते हैं। जब तक किसी चीज का महत्व समझ में नहीं आता, तब तक उस चीज की कद्र नहीं होती।

उन्होंने कहा कि हम कई बार संबंधों से अधिक महत्व संपत्ति को देते हैं और हमारे बीच पारिवारिक संबंध टूटने लगते हैं। परिवार में त्याग बलिदान समर्पण आदि चीजों का समावेश होना चाहिए परिवार में समन्वय एक और एक ग्यारह का



काम करता है। हम कोई भी कार्य करते हैं तो उसका उद्देश्य निर्धारित होता है और जब उद्देश्य होता है तो उसका लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास भी होता है, इसी तरह परिवार के प्रति हमारे उद्देश्य तथा लक्ष्य निर्धारित होने चाहिए जैसे परिवार में सुख शांति रहे, अच्छे संस्कार हो और परस्पर समन्वय से प्रगति हो। उन्होंने कहा इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हमें प्राथमिकताएँ भी निर्धारित करना चाहिए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रूपचंद गोलछा ने दी।

## भोथली स्कूल में बच्चों को दिया न्योता भोज

**बालोद/निकुम।** विकासखंड दुर्ग के शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में लगातार ग्राम दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू द्वारा सरकारी स्कूल की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

जिसमें लगातार क्षेत्र में बारिश को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में दौरे पर निकलते हुए शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, अपर कलेक्टर उत्तम ध्रुव व विकासखंड शिक्षाधिकारी गोंविन्द साव पहुचकर स्कूल में बच्चो से हिन्दी, इंग्लिंश, सामान्य के प्र"न पुछे, वही बच्चों के जवाब से खुश होकर अपने हाथो से सभी बच्चो फल्ली मीठी चिक्की देकर अनूठी पहल करते हुए सोमवार के मिड डे मिल में न्यौता भोजन देकर बच्चों के साथ भोजन पट्टी में बैठकर भोजन किया। वही स्कूल में ग्राम सरपंच सुरेश साहू ने अपना जन्म दिन पौधा लगाकर मनाया। इस अवसर पर एसडीएम मुकेश रावटे ने कहा कि स्कूल में स्मार्ट टीवी, पेयजल, प्रोजेक्टर, डेस्क बेन्च, अच्छे कमरे से बच्चों को बेहतरीन सुविधा ग्राम सरंपच सुरेश साहू व ग्रामीणो के सजगता से मिल रही है, जो कि अच्छी पहल है, बच्चो को कहा कि स्कूल के विघार्थी को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि बेहतर शिक्षा से आत्मनिर्भर बना सके। बीईओ गोविन्द साव ने कहा कि



न्यौता भोज पूरी तरह स्वैच्छिक है। बच्चों के साथ खुशी जरुर बांटें और सरपंच सुरेश के कार्यों की सराहना किया। इस अवसर पर सरपंच सुरेश साहू ने न्यौता भोज के लिए रावटे सहित पहुंचे अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल भी शिक्षा का मंदिर है, हमें अपनों की खुशी, तीज त्यौहार, जन्मदिन पर बच्चों को न्यौता भोज करा कर अपनी खुशी सभी के साथ बांटने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान करारोपण अधिकारी देवी प्रसाद ध्रुव, प्रधानपाठक भानुप्रताप वर्मा, शिक्षक चंदन साहू, प्रमोद कुमार बलवार सहित पंच कुलेश्वर साहू, गिरविर साहू वरिष्ठ ग्रामीण रामेश्वर प्रसाद साहू सहित स्कूल बच्चे रहे।

## नकली सोना बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** फर्जी आधार कार्ड से ज्वेलर को ठगने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4), 336(3), 337, 339 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ज्वेलरी संचालक सुभाष संचेती ने 18 जुलाई को शिकायत किया था कि शॉप में रीमा देवी नामक महिला सोने की अंगूठी और चुड़ी खरीदने के लिए पहुची थी। अपने साथ महिला बंथेल सोना (कुछ सोना बाकि अन्य सस्ती धातु)लेकर आई थी। जिसे 2 लाख 18 हजार रूपये में बेचकर 2 लाख 15 हजार में अंगूठी, चुड़ी खरीदकर फर्जी मोबाइल नंबर, आधार कार्ड देकर फरार हो गई थी। जब संचालक ने जेवरात को चेक किया तो सोना नकली निकला था।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**उदघोषणा**

क्रमांक/205/प्र./अति तह. / 2024

दल्लीराजहरा, दिनांक 15.07.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 306/ प्र.कले. / 2024 बालोद, दिनाक 26/06/2024 के अनुसार आवेदक श्रीमती लक्ष्मीबाई पिता सुन्दर सिंह जाति राजपूत निवासी दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा पहनं. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 1170 रकबा 0.02 हे . (5 डिसमिल) भूमि को हृदय रोग व अन्य बीमारी से ग्रसित होने के कारण पूर्व में लिये कर्ज की अदायगी, अपनी जीवकोपार्जन व भरण-पोषण हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती निर्मल रंगारी पति सूर्यकान्त रंगारी जाति धोबी निवासी चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 31/07/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

Recognized by
Indian Nursing Council & C.G.
Nurses Registration Council
Nursing
Education
B.Sc. Nursing
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
MARUTI INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill- Danitola. Post- Bhaisbod, Teh- Dondi. Distt- Balod (C.G.)
www.marutinursing.com, marutidalli@rastoginursing.com
09229820000, 07470542137

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### शासकीय विद्यालय कलंगपुर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। डिंपल, दिव्यानी निषाद, रेणुका, निहारिका, पल्लवी, फनीषा ने गुरुजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। शाला प्रमुख खुशबू सिन्हा ने मंच संचालन किया। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया।डीएल साहू प्रभारी प्राचार्य, वाईके साहू, एचएल साहू, केएल कुर्रे, डीके साहू, आरएन साहू, आरके साहू ने भी बच्चों को संबोधित किया। केएम महेश्वरी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। टीसी मंडावी, एस सिंघारे, वीके साहू, आर मालवीय, एम ध्रुव, टी मिश्रा, एलबंदे, एस विश्वास, एस देवांगन तथा छात्र संघ प्रतिनिधियों का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

### लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता



**डौंडीलोहारा।** जिला खेल कैलेंडर के अनुसार 23 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कबड्डी बालक/बालिका 14,17,19 आयु वर्ग में खेल का आयोजन स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में किया गया। खेल संयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ हिमांशु मिश्रा थे, अध्यक्षता प्राचार्य एल के ठाकुर ने की। विशेष अतिथि प्रदीप मेश्राम, अविनाश साहू, वीरेंद्र देवहारी, हेमंत साहू, विकासखण्ड के समस्त व्यायाम शिक्षक, प्रभारी शिक्षक एवं ब्लॉक के सभी स्कूल से प्रतिभागी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मिश्रा ने कहा कि खेल से ही शरीर का वास्तविक विकास होता है। हर व्यक्ति को प्रतिदिन व्यायाम करना अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्षता कर रहे श्री ठाकुर ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन लाता है।

### सभी के लिए अच्छा है बजट : अजीत

**अंडा।** अजीत चंद्राकर महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग ने केंद्र



सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के लिए बहुत ही अच्छा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच से आने वाले समय में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनेगा। किसानों और गरीब के लिए भी अच्छा बजट है। स्वास्थ्य एवं महिला विकास के लिए भी बहुत बढ़िया बजट है।

### चिरईगोड़ी में मनाई गई गुरू पूर्णिमा



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला चिरईगोड़ी में सरस्वती वंदन राष्ट्रगान के पश्चात बच्चों को गुरू पूर्णिमा के बारे में विस्तार से बातें बताई गई। कोई भी इंसान बगैर गुरू के अधूरा है अतः सभी को गुरू की आवश्यकता पड़ती है और गुरू के ज्ञान सही न मिले तो भटकता और अनियंत्रित प्राणी हो जाता है। इस गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शाला की सभी बच्चों ने गुरूओं का सम्मान गुलाल लगाकर किया।


**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है


**समस्या**

**दानीटोला के लोग भुगत रहे हैं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में बरती लापरवाही का खामियाजा**

# कई घरों में घुसा पानी, खाद्य सामग्री के साथ खाद व अन्य सामान बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राज मार्ग 930 निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही का खामियाजा ग्राम दानीटोला के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश का पानी सड़क के समीपस्थ ग्रामीणों के घरों में घुस गया।

■ कई लोग घरों में नहीं बना पाए खाना, दूसरों के घरों में ली शरण

पानी का बहाव इतना तेज था कि ग्रामीणों के घरों के सभी कमरों, रसोई घरों में लगभग एक से दो फीट तक पानी भर गया था। उनके घरों में रखी खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान खराब हो गए।

उसके बाद संपत कौमार्य के घर से आगे निजी जेसीबी के माध्यम से मिट्टी काटकर अस्थाई नाली बनाई गई तथा घर की तरफ मिट्टी पाटी गई, तब कहीं जाकर पानी का बहाव कम हुआ। उसके बाद घर में भरे पानी को बाल्टी आदि की मदद से बाहर फेंका गया। वहीं, रसोई में पानी भर जाने के कारण सोमवार शाम को घर में खाना नहीं बन पाया। उन घरों में रह रही नर्सिंग कालेज दानीटोला की छात्राओं के लिए गांव के दूसरे घरों में अस्थाई रुकने व खाने की व्यवस्था की गई।





### किसानों के घर रखी खाद खराब

दानिटोला निवासी संपत कौमार्य ने बताया कि घर में पानी भरने से 7बोरी खाद बर्बाद हो गई। इसी तरह शांतिबाई भुआर्य के घर 12बोरी खाद, सुनील गावड़े के घर 2 बोरी खाद, भूपेंद्र गावड़े, रामदयाल ठाकुर के घर में रखे 7बोरी खाद, परशुराम के घर 2बोरी, प्यारेलाल ठाकुर के घर 3 बोरी, इंदरबाती के घर 4 बोरी खाद सहित सभी के घरों में चावल दाल सहित अन्य खाद्य सामग्री खराब हो गई। इसके अलावा फ्रीज जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण खराब हो गए। ग्रामीणों ने शासन से पानी के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिलाने तथा सड़क से बारिश का पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

## पानी निकासी की व्यवस्था के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं को सुना।

■ जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने दिया आवेदन

चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता की माँगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं संयुक्त कलेक्टर दरबारी राम ठाकुर ने भी आम लोगों के माँगों एवं समस्याओं को सुना।



जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड निवासी सोनी साहू ने अपने खेत से बारिश की पानी निकासी की व्यवस्था करने तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड की सिब्दी निवासी लता सिन्हा ने अपने नाम से राशन कार्ड बनाने एवं बगईकोन्हा निवासी कबीरदास साहू ने अपने जमीन का बँटवारा करने की माँग की। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मिर्रीटोला निवासी द्वारिका प्रसाद सिन्हा ने उनके गांव से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की।

डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पोपलाटोला के ग्रामीणों ने अपने ग्राम में प्राथमिक शाला भवन के निर्माण करने तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा निवासी वीर सिंह ने बारिश से मकान क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा प्रदान करने की मांग की। लाटाबोड निवासी सुंदर साहू एवं चिचबोड़ निवासी लक्ष्मी नारायण ने अपने घर से बारिश की पानी निकासी करने की मांग की। इसी तरह सामूहिक खेती कर रहे डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम किसना के 05 किसानों ने स्थाई विद्युत कनेक्शन कराने की मांग की।



### नदी-नालों से लेकर सड़कों तक भरा पानी

**बालोद।** जिले में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं, खेतों में पानी भर जाने से किसानी कार्य ठप पड़ गया है। जिनके घरों में बारिश का पानी घुसा है वे अभी भी अपने घरों से पानी को निकालने में जुटे हुए हैं। इधर रुक रुककर हो रही बारिश की वजह से सड़कों में, नालियों में तालाब, पोखर व नदी नालों में जलभराव की स्थिति है।
सोमवार को सारा दिन और रात सहित मंगलवार की सुबह 8 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार जिले में इस सीजन अब तक के सर्वाधिक रिकॉर्ड 83.2 मिमी वर्षा हुई है।
सोमवार सुबह से लेकर मंगलवार सुबह तक बालोद नगर सहित पूरे बालोद तहसील क्षेत्र में 158.2 मिमी बारिश हुई है जबकि डौंडीलोहारा तहसील क्षेत्र में 123.2 मिमी बारिश, गुंडरदेही तहसील में 31.5 मिमी, गुरुर तहसील में 100.3



मिमी, डौंडी तहसील में 75.8 मिमी, अर्जुन्दा तहसील में 45.9 मिमी, मारऍ बंगला देवरी 47.3 मिमी बारिश हुई है। कुल मिलाकर जिले में औसतन 83.2 मिमी वर्षा हुई है। आने वाले दिनों में जिले में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है।

### नहर पार को तोड़कर की गई पानी की निकासी

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम धनगांव में जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए साइफन के जाम होने के कारण कई लोगों के घरों में पानी घुस गया था। लगातार तीसरे दिन भी भारी वर्षा होने के चलते स्थिति और भी भयावह होती जा रही थी। मामले की जानकारी होने पर एसडीएम शिवनाथ बघेल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। स्थिति को देखते हुए उन्होंने जेसीबी से नहर पार को तोड़ने का आदेश दिया। अमीना ठाकुर पटवारी, बोरकर आरआई, शीतल प्रसाद गंधर्व कोटवार, तोषण चुरेन्द्र सरपंच, घनश्याम भुआर्य सचिव, चैमन सिवाना रोजगार सहायक, अशोक ठाकुर, बिश्राम केराम, गौतम मसिया, खिलावन रात्रे सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति में पानी निकासी के लिए खरखरा नहर पार को तोड़ा गया। एसडीएम व अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर घर परिवार वालों को अन्यत्र सुरक्षित जगह पर रहने की सलाह दी। लगभग पांच बजे सिंचाई विभाग के कर्मचारी देखने के लिए आये।





## सशिमं पुरूर में किशोर भारती का गठन लीसा बनीं अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में किशोर भारती संगठन छात्रसंघ का चुनाव किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने अपने मत का प्रयोग कर पदाधिकारियों का चुनाव किया।

प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र ने बताया कि अध्यक्ष पद पर बहन लीसा साहू द्वादश, उपाध्यक्ष बहन लुचिका साहू द्वादश, सचिव भैया यशवंत सिन्हा द्वादश, कोषाध्यक्ष बहन बबिता यादव एकादश चुने गए। इसी तरह स्वच्छता प्रमुख भैया मुकुल यादव नवम, क्रीड़ा प्रमुख बहन हेमलता साहू द्वादश, चिकित्सा प्रमुख बहन गीतांजलि साहू दशम, खोया पाया प्रमुख भैया कुबेर सिन्हा एकादश, सांस्कृतिक प्रमुख बहन गोयल साहू नवम, अनुशासन प्रमुख बहन लीना फुटान द्वादश, प्रार्थना प्रमुख बहन गरिमा सिन्हा दशम, प्रार्थना सहायक बहन कृति साहू सप्तम, सेनापति भैया नीरज नेताम द्वादश निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को दायित्व का निर्वहन करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य बंधु भगिनियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अक्षत रोली तथा बैज लगाकर सम्मान किया।

## कलेक्टर ने जलभराव की स्थिति और निकासी की व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में पिछले 4-5 दिनों से हो रही भारी बारिश के बीच कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिले में जन-जीवन प्रभावित न हो, इसके लिए जन-

■ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए व्यवस्था बनाने के निर्देश

जीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश एवं अतिवृष्टि के कारण आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए समय रहते जरूरी उपाय सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। श्री चन्द्रवाल ने ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों के



रहवासी ईलाकों तथा घरों एवं अन्य आवश्यक स्थानों में पानी भर जाने पर उसके निकासी की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरी-निकायों में जल भराव की स्थिति एवं उसके निकासी के लिए किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली।

इसके साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पाइपलाईन आदि लिकेज होने पर तत्काल उसे ठीक कराने को कहा। वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले जल-जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी अस्पतालों में पूरे समय डॉक्टरों की उपस्थिति एवं दवाइयों आदि की भी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

चन्द्रवाल ने वर्षा ऋतु के दौरान जिले में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की समीक्षा करते हुए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से इसके लिए किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के हैण्डपंप, ट्यूबवेल, पानी टंकी आदि पेयजल स्रोतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिले के सभी नागरिकों के लिए समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को आम लोगों की सुविधा हेतु नया बस स्टैण्ड बालोद से सिवनी स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन तक मिनी बस की सुविधा शीघ्र प्रारंभ कराने के भी निर्देश दिए।

### माटरी में बच्चों को दिया गया टाई-बेल्ट व आईडी कार्ड




**बालोद।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला माटरी संकुल केन्द्र माटरी में शाला प्रबंधन समिति द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। साथ ही शाला के द्वारा सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक के बच्चों को बेल्ट, टाई एवं आईडी कार्ड का वितरण शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के माध्यम से कराया गया। वितरण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संस्था के समस्त शिक्षक रसोइया एवं संकुल समन्वयक राजेश पांडे उपस्थित थे। संकुल समन्वयक द्वारा इसी प्रकार से संकुल के समस्त शालाओं में समस्त बच्चों को बेल्ट, टाई एवं आईडी कार्ड शाला के माध्यम से वितरण करने के लिए प्रयास करने कहा गया।

### शासकीय विद्यालय बेलौदी की 24 छात्राओं को दी गई सायकिल



**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में सोमवार को निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया। शाला के कक्षा नवमी में अध्ययनरत 24 छात्राएं जो इसकी पात्र हैं, उन्हें निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक तथा छात्रों के पालकगण भी उपस्थित थे।

**ग्राम अंडा में समूह की महिलाएं घर-घर जाकर ले रही हैं कचरा**

## गाना सुनते ही कचरा लेकर निकलते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

ग्राम पंचायत अंडा में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव परिसर में सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत डोर टू डोर कचरा उठाने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए गांव के सभी 1 वार्ड से 20 वार्ड तक चल रहे हैं।

लोगों में जागरूकता लाने व वाहन आने पर मिले डब्बे में कचरा रखने के लिए पहले वाहन के सफाई कर्मी सीटी बजाते हैं। इस बीच सफाई को और बेहतर करने के लिए और लोगों को कचरा एक जगह पर जमा करने व घर उठाने के लिए पंचायत व्दारा एक नई पहल की है। जिस पर कचरा उठाव के लिए विशेष सीटी का प्रयोग किया जा



रहा है। अब सुबह के वक्त जब वाहन घरों से कचरा उठाव के लिए निकलता है तो सीटी बजता है जिसके बोल हैं- देख-देख इधर उधर कचरा न डाल गाड़ी वाला अब घर से कचरा निकाल। यह सीटी अब लोगों को भी भा रहा है। महिला समूह वाले लोग सीटी बजाते हुए जब मुहल्ले की गलियों में जाता है तो लोग स्वयं अपने घर का कचरा निकालकर वाहन में डाल देते हैं। इससे सफाई कर्मी के साथ ही मोहल्ले के लोग भी संतुष्ट हो रहे हैं। सफाई कर्मियों का कहना है कि पहले सीटी बजाने से भी कचरा के प्रति लोग जागरूक हो गये हैं, और आसानी से कचरा घर के बाहर मिल जा रहा है। गांव के सरपंच उमा देवी चंद्राकर ने कहा कि गांव को एक स्वच्छ भारत अभियान चलाकर एक सुन्दर गांव बनाना हैं। वही मोहल्ले के शेषनारायण गोस्वामी आदि ने कहा कि ग्राम पंचायत अंडा कि यह पहल अच्छी है। महिला समूह सदस्य सेतु जोशी, संतोषी मार्कण्डेय, प्रेमा निर्मलकर, हेमा मेश्राम, लिलेशेवरी साहू साथ ही लोगों को जहां-तहां कचरा नहीं फेंकना चाहिए।





By Train- रिजर्वेशन कोच

**गंगा सागर तीर्थ यात्रा**

गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी

यात्रा दिनांक
20 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति
10 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-

**स्वामी तीर्थ यात्रा**

संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा

91111-11866

Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)